Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding implementation of Ayushman Bharat Yojana in Madhya Pradesh.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): अध्यक्ष महोदय, 'आयुष्मान भारत योजना' स्वास्थ्य के क्षेत्र में आदरणीय प्रधान मंत्री जी का एक क्रांतिकारी कदम है । इससे देश के निर्धन और वंचित लोगों को कैंसर तथा हार्ट जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज कराने में स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने का बहुत बड़ा सम्बल प्राप्त हुआ है । लेकिन, बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ता है कि मध्य प्रदेश के जवाहर लाल नेहरू कैंसर अस्पताल में आयुष्मान कार्ड लेकर जाने वाले जो मरीज हैं, उनको कीमो थेरेपी और रेडिएशन थेरेपी जैसे महंगे उपचार से वंचित किया जा रहा है । अगर इस तरह के पैनल में शामिल जो अस्पताल हैं, यदि उनमें गरीब लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा तो इससे गरीबों के मन में निराशा और हताशा का भाव उत्पन्न होगा ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री 'आयुष्मान भारत योजना' में देश भर के जितने निजी अस्पताल हैं, जिनको इस पैनल में शामिल किया गया है, उनमें आयुष्मान योजना का कार्ड लेकर जाने वाले गरीब लोगों को चिकित्सा लाभ दिलाने के लिए पहल करनी चाहिए अन्यथा इन पर एमसीआई द्वारा गंभीर कदम उठाया जाना चाहिए ताकि 'आयुष्मान भारत योजना' से गरीब और वंचित वर्ग के लोग चिकित्सा का लाभ ले सकें ।

माननीय अध्यक्ष:

कुमारी शोभा कारान्दलाजे,

श्री गणेश सिंह और

श्री उदय प्रताप सिंह को डॉ.वीरेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।